भारत के युवा दुनिया में परचम लहराने वाले, उनमें निवेश की जरूरत: वेदांता चेयरमैन

punjabkesari.in Wednesday, Jul 16, 2025 - 04:36 PM (IST)

नई दिल्लीः वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत की युवा आबादी को देश की सबसे बड़ी ताकत और प्रतिस्पर्धी बढ़त बताते हुए इसमें निवेश करने का आह्वान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत की जनसंख्या सबसे युवा है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू के अनुसार, एक औसत भारतीय की उम्र सिर्फ 28.7 वर्ष है और 50 प्रतिशत लोग इससे भी कम उम्र के हैं। यह भारत के लिए एक बहुत बड़ा लाभ है।" उन्होंने कहा, "चीन में लोगों की औसत उम्र 38.4 वर्ष है जबकि ब्राजील, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया में यह क्रमश: 33.2, 38.5 और 37.5 वर्ष है। वहीं भारत में यह सिर्फ 28.7 वर्ष है।"

अग्रवाल ने युवाओं, लड़कियों और लड़कों, महिलाओं और पुरुषों में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा, "वे दुनिया में परचम लहराएंगे।" खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता ने बयान में कहा कि कंपनी इस सोच को जमीनी स्तर पर साकार करने के लिए काम कर रही है। कंपनी के कौशल विकास कार्यक्रमों ने पिछले पांच वर्षों में पूरे देश में लगभग 15 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया है, जिनमें ग्रामीण और वंचित समुदायों से आने वाले युवा प्रमुख हैं।

देशभर में फैले 200 से अधिक कौशल विकास केंद्र और 91 प्रतिशत नियोजन दर के साथ, यह पहल आकांक्षा और अवसर के बीच की खाई को पाटने का कार्य कर रही है। बयान के अनुसार, वेदांता 2030 तक 25 लाख लोगों को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ युवा भारत को मजबूत बनाने के मिशन में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

Vedanta Anil Agarwal social media economy Brazil Britain Australia

Content Writer
jyoti choudhary

Related News

वेदांता पर Viceroy Research के गंभीर आरोप, कंपनी ने बताया 'दुर्भावनापूर्ण और भ्रामक रिपोर्ट'

फिर आया हिंडनबर्ग जैसा भूत, इस बार वेदांता हुआ शिकार, शेयर हुआ धड़ाम